आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

कैबिनेट

प्रदेश सरकार वन विभाग में 2 हजार 61 वन मित्रों की नियुक्ति करेगी। ये निर्णय आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल ने वन मित्रों की भर्ती के लिए 10 अंको के व्यक्तिगत साक्षात्कार की शर्त को समाप्त करने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंत्रिमंडल ने वन संरक्षण अधिनियम 2023 में हाल ही में किए गए संशोधन के अनुरूप ईको टूरिज्म नीति 2017 में संशोधन करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य राज्य में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देना और उनका विकास करना है। मंत्रिमंडल ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों के एक सौ 50 पद और सहायक व सह प्रोफेसरों के दस पद सृजित करने व भरने को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने एसडीआरएफ का प्रशासनिक नियंत्रण एडीजी होमगार्ड को हस्तांतरित करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य के 6 ग्रीन कॉरिडोर्ज के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क को विस्तार देने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने को भी मंजूरी दी।

आशीष बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने सहकारिता को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, ताकि गांव और गरीब समृद्ध हो सके। आशीष बुटेल ने आज पालमपुर में ज़िला स्तरीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वरोज़गार से आर्थिकी को मज़बूत करने में सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन सदस्यों के हाथ में है और प्रदेश की सभी समितियां बेहतर तरीके से इनका संचालन कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को सहकारिता को गंभीरता से लेते हुए गांव–गांव में सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए। आशीष बुटेल ने पालमपुर क्षेत्र के भेड़पालकों को भी सहकारिता से जोड़ने और एक महीने में

भेड़ पालन और बुनकर व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए रोड मैप तैयार करने के विभाग को निर्देश दिए।

सुंदर सिंह ठाकुर

कुल्लू के ढालपुर मैदान में आज से 10 दिवसीय सरस मेला शुरू हुआ। ज़िला ग्रामीण विकास परियोजना अभिकरण द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने शुभारंभ किया। सुंदर सिंह ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि सरस मेले के आयोजन से बहुत से लोगों को रोज़गार मिलेगा और उनकी आर्थिकी मज़बूत होगी। मुख्य संसदीय सचिव ने भविष्य में ढालपुर की मुख्य सड़क के यातायात को हर रोज़ शाम के समय सर्कुलर रोड़ से चलाने और मुख्य सड़क को मालरोड़ के रूप में विकसित करने की घोषणा की, ताकि यहां पर स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों को बेच सकें। सरस मेले में देश के विभिन्न राज्यों के हस्तशिल्प उत्पाद बिक्री के लिए रखे गए हैं।

सांसद

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कांगड़ा हवाई अड्डे के अधिकारियों को एयरपोर्ट परिसर और यहां दी जाने वाली सुविधाओं को पर्यटन के अनुकूल विकसित करने के निर्देश दिए हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट को यूज़र फ्रेंडली बनाने और यात्रियों की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को सुगम करने के लिए आज आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की सुरक्षा महत्वपूर्ण पहलू है। इसके लिए पूरी तरह से समर्पित व उच्च प्रशिक्षित सुरक्षा बल की ज़रूरत है। उन्होंने एयरपोर्ट में तैनात सुरक्षा बल को हर लिहाज से सक्षम बनाने के लिए सरकार का सहयोग लेने का कहा। बैठक में उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे।

डी.सी.मंडी

मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि ज़िला में वन संरक्षण के तहत लंबित मामलों की रणनीति बनाकर निपटारा किया जाएगा। एफ.सी.ए. के तहत लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि समय पर एफ.सी.ए. की मंजूरी न मिलने के कारण विकास परियोजनाओ में अक्सर देर हो जाती है। उन्होंने कहा कि मंडी वन वृत में पर्यावरण मंजूरी के लिए कुल 2 सौ 60 मामले लंबित हैं। उपायुक्त ने पर्यावरण मंजूरी के लिए लंबित एक सौ 11

मामलों की समीक्षा की और विभागों को इनके निपटारे के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उपायुक्त ने लंबे समय से लंबित मामलों पर लगाई गई टिप्पणियों पर तुरंत कार्रवाई करने को भी कहा।

परीक्षा परिणाम

राज्य विभागीय परीक्षा बोर्ड ने विभागीय परीक्षा के सत्र जुलाई 2024 का पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने शिमला में कहा कि संबंधित उम्मीदवार मानव संपदा पोर्टल पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

..........................................................................................................................................